फोन/फैक्स 05944-250152

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर

विकास भवन परिसर, प्रथम तल, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड

Website:- www.ddausn.org.in Email-udausnagar@gmail.com

पत्र सं0- 1971 /जि0वि0प्रा0/USN/2024-25 दिनांक- 21.11.2024

"प्रेस नोट"

दिनांक 13 नवम्बर 2024 दिन शुक्रवार को अध्यक्ष/आयुक्त, कुमॉऊ मण्डल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर की तृतीय अवस्थापना बैठक डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार, कलैक्ट्रेट परिसर रूद्रपुर में भौतिक रूप से सम्पन्न हुई। बैठक में श्री दीपक रावत, आयुक्त कुमाऊँ मण्डल नैनीताल, श्री उदयराज सिंह, जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर, श्री जय किशन, उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊ0सिं0नगर, श्री पंकज कुमार उपाध्याय, सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर/अपर जिलाधिकारी (नजूल) ऊधमसिंह नगर, नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर/काशीपुर, अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल निगम, ऊधमसिंह नगर, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् बाजपुर/सितारगंज/किच्छा आदिआदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष महोदय की अनुमति पर प्राधिकरण के विभिन्न एजेन्डा बिन्दुओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। उक्त एजेण्डा बिन्दुओं में प्राधिकरण के कुल रू0 6469.17 लाख के कुल 30 विभिन्न अवस्थापना विकास कार्य आदि शामिल थे, जिनकी अध्यक्ष महोदय द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी, महत्वपूर्ण कार्य जैसे-

1. मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 608/2017 के अन्तर्गत निर्माणाधीन किच्छा बस अड्डे में अनुबन्ध से अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति-अनुमानित लागत रू0 259.57 लाख।
2. मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 106/2019 के अन्तर्गत निर्माणाधीन खटीमा बस अड्डे में अनुबन्ध से अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में- अनुमानित लागत रू0 300.00 लाख।
3. रूद्रपुर शहर के आन्तरिक मार्ग के अन्तर्गत एन0एच0-87 में डी0डी0 चौक से इन्द्रा चौक तक दांयी एवं बांयी ओर सड़क का चौड़ीकरण एवं ड्रेनेज सुधार का कार्य- अनुमानित लागत रू0 2918.52 लाख।
4. नवीन बस अड्डे किच्छा के मुख्य द्वार पर आवागमन हेतु प्रवेश एवं निकास हेतु पुलिया निर्माण का कार्य- अनुमानित लागत रू0 265.43 लाख।
5. ग्राम कल्याणपुर रूद्रपुर में उत्तरायणी मण्डी आवास परिसर के सामने रिंग पार्क निर्माण/विकास का कार्य- अनुमानित लागत रू0 250.00 लाख।
6. जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय/आवासीय भवन का निर्माण कार्य- अनुमानित लागत रू0 1500.00 लाख।
7. मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या-562/2021 के कम मे विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत नगर क्षेत्र खटीमा मे शौचालय का निर्माण कार्य- अनुमानित लागत रू0 25.00 लाख।
8. शहर रूद्रपुर के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण, रोड साइड पार्किंग, ड्रेनेज़ प्लान, जंक्शन सुधार आदि कार्यों के ड्राईंग, डिजाईन एवं डी0पी0आर0 तैयार किये जाने का कार्य- अनुमानित लागत रू0 50.00 लाख।
9. शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु ग्रीनबेल्ट के दृष्टिगत पौधारोपण, हैज़ आदि लगाये जाने के कार्य हेतु एक मुश्त धनराशि प्रस्तावित की जा रही है। डी0पी0आर0 स्थल के अनुसार तैयार किया जायेगा- अनुमानित लागत रू0 50.00 लाख।
10. राष्ट्रीय राजमार्ग 87 के किनारे कृषि विभाग से सिंचाई विभाग के मध्य अस्थाई पार्किंग हेतु ईनर्ट व मिटटी का ढुलान कर समतल किये जाने एवं जी0एस0बी0 भरान किये जाने का कार्य- अनुमानित लागत रू0 30.51 लाख।
11. ग्राम कल्याणपुर रूद्रपुर में प्रशासनिक परिसर क्षेत्र में लगभग 1.50 कि0मी0 में सड़क के दोनों ओर पेडेस्ट्रियन/पाथवे का निर्माण- अनुमानित लागत रू0 184.00 लाख।
12. ग्राम कल्याणपुर रूद्रपुर में प्रशासनिक परिसर क्षेत्र में लगभग 1.50 कि0मी0 में स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का कार्य। अनुमानित लागत रू0 70.00 लाख।
13. कलैक्ट्रेट परिसर में (जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय के समीप) रिक्त स्थान पर पार्किंग निर्माण कार्य। अनुमानित लागत -88.48 लाख।
14. 46वीं वाहिनी पी0ए0सी0, टा0फो0, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर में आवासित जवानों के पारिवारिक सदस्यों फिटनेस हेतु वाहिनी के खेल ग्राउन्ड में 02 ओपन जिम लगाये जाने का कार्य। अनुमानित लागत - 50.48 लाख।

-पृष्ठ संख्या-02 पर

उक्त प्रस्तावों में सभी प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति दी गयी तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्माणाधीन किच्छा बस अडडे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ग्राम बागवाला में निर्माणाधीन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय द्वारा जनपद में अवैध निर्माणों को रोके जाने/अवैध निर्माणकर्ताओं को हतोत्साहित करने हेतु यथा–सम्भव प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी नव नियुक्त अवर अभियन्ता अपने–अपने आवंटित क्षेत्रों में एक माह के भीतर स्थल निरीक्षण करते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि बिना प्राधिकरण मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण कार्य नहीं किये जा रहे हैं।

सचिव,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
ऊधम सिंह नगर